web: www.nyaysakshi.com ‖ पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल ‖ पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, रविवार 08 अगस्त 2021 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-03, अंक- 309

# उपराष्ट्रपति ने हॉकी जैसे पारंपरिक भारतीय खेलों के गौरव को शीर्ष पर ले जाने का किया आह्वान



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उपराष्ट्रपति, एम. वेंकैया नायडू ने आज हॉकी जैसे पारंपरिक भारतीय खेलों के गौरव को पुनः हासिल करते हुए इस शीर्ष पर ले जाने का आह्वान किया। उन्होंने राज्य सरकारों और कॉरपोरेट संस्थाओं से इस दिशा में आवश्यक प्रोत्साहन के लिए मिलकर कार्य करने का आग्रह किया।

उप-राष्ट्रपति निवास में आज सामाजिक कार्यकर्ता और राष्ट्रवादी चमन लाल की स्मृति में डाक टिकट जारी करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि टोक्यो ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम के हालिया प्रदर्शन ने खेलों में रुचि को फिर से जगाया है और अब हॉकी और कबड्डी जैसे पारंपरिक भारतीय खेलों को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देना का समय आ गया है। उन्होंने कृत्रिम टर्फ सहित बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और जमीनी स्तर पर प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षकों की उपलब्धता को भी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। नायडू ने भारतीय खेलों के प्रति केन्द्र सरकार द्वारा दिए जा रहे सक्रिय प्रोत्साहन की भी सराहना की।

दूसरों की आँख मूंदकर नकल करने की औपनिवेशिक मानसिकता को त्यागने का आह्वान करते हुए,उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमें अपनी महान परंपरा और संस्कृति पर गर्व महसूस करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय हर क्षेत्र में प्रतिभा से संपन्न है और इस प्रतिभा के लिए बस सही प्रोत्साहन और समर्थन की आवश्यकता है।

उपराष्ट्रपति ने चमन लाल को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन निःस्वार्थ भाव से देश और लोगों की सेवा में समर्पित कर दिया। उन्होंने चमन लाल को एक महान राष्ट्रवादी और दूरदर्शी विचारक बताते हुए कहा कि उनके जीवन का दर्शन सेवा, मूल्यों और रचनात्मकता की विशेषता है। नायडू ने कहा कि 1942 में पंजाब विश्वविद्यालय (लाहौर) में एमएससी में स्वर्ण पदक प्राप्त करने के बावजूद, उन्होंने सेवा का मार्ग चुना, भले ही उनका भविष्य उज्ज्वल था,परन्तु इसके साथ-साथ उन्होंने सेवा में आध्यात्मिकता का भाव बनाए रखा। अपने व्यक्तिगत अधिकारों और सामाजिक कर्तव्यों के बीच संतुलन बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि किसी के सामाजिक दायित्वों की परवाह किए बिना केवल अधिकारों पर अत्यधिक बल देने से समाज में असंतुलन पैदा हो सकता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रबुद्ध और संवेदनशील नागरिक वहीं हैं जो राष्ट्र को स्वयं से पहले रखते हैं, सही मायने में वे सच्चे राष्ट्र निर्माता हैं। उन्होंने कहा कि स्वार्थी न होना और दूसरों का कल्याण करना- हर सभ्यता, हर धर्म हमें यही सिखाता है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम की सच्ची भावना में, चमनलाल ने विदेशों में सदियों से रह रहे प्रवासी भारतीयों को उनकी मातृभूमि से सफलतापूर्वक जोड़ा और उनमें भारतीयता की भावना का संचार किया। उन्होंने दुनिया भर में फैले भारतीय लोगों का वैश्विक नेटवर्क बनाने का अथक प्रयास किया, नायडू ने कहा आज सभी प्रवासी भारतीय हमारे सांस्कृतिक प्रतिनिधि हैं और भारत को उनकी सफलता से पहचान मिलती है।

आपातकाल की अवधि के दौरान चमन लाल द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को याद करते हुए नायडू ने कहा कि उन्होंने जेल में बंद व्यक्तियों के परिवार के सदस्यों की अत्यंत जोखिम होने के बावजूद भी बहुत परिश्रम से मदद की। चमन लाल के साथ अपनी व्यक्तिगत भेंटवार्ता का स्मरण करते हुए, उपराष्ट्रपति ने कहा कि अपनी वयोवृद्ध आयु के बावजूद, वे नवीन विचारों से परिपूर्ण थे और सदैव नई जिम्मेदारियां लेने के लिए तैयार रहते थे।

शाश्वत भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा की सराहना करते हुए, नायडू ने रेखांकित किया कि भारतीय संस्कृति ज्ञान और शिक्षण को बौद्धिक संपदा के रूप में नहीं देखती है, बल्कि इसका मानना है कि ज्ञान साझा करने से बढ़ता है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्रधानमंत्री ने बजरंग पुनिया को कुश्ती में कांस्य पदक जीतने पर दी बधाई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बजरंग पुनिया को टोक्यो ओलंपिक 2020 में कुश्ती में कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी है। पीएम ने कहा कि , आपकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए आपको ढेर सारी बधाइयां, जिससे हर भारतीय को अपार गर्व और खुशी हुई है।''

### प्रधानमंत्री ने गोल्फ खिलाड़ी अदिति अशोक के कौशल और दृढ़ता की प्रशंसा की

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गोल्फ खिलाड़ी अदिति अशोक के कौशल और दृढ़ता की प्रशंसा की है कि उन्होंने ओलंपिक के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि , टोक्यो 2020 के दौरान जबरदस्त कौशल और दृढ़ता का प्रदर्शन किया। पदक से आप भले चूक गई हों, लेकिन आपने किसी भी भारतीय से कम बड़ा कारनामा नहीं कर दिखाया तथा सबके लिये आप मिसाल बन गई हैं। आपके भावी प्रयासों के लिये शुभकामनायें।

### कश्मीर में मुठभेड़ स्थल से फरार हुआ आतंकवादी हुआ गिरफ्तार

**श्रीनगर (आरएनएस)।** कश्मीर के बडगाम जिले में शनिवार को मुठभेड़ स्थल से फरार हुए एक आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इससे पहले सुबह मोचवा में हुई मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया था। पुलिस ने कहा कि एक एके 47 राइफल और एक पिस्तौल बरामद किया गया है। पुलिस ने आईजीपी कश्मीर विजय कुमार के हवाले से ट्वीट किया, मुठभेड़ स्थल से भागे एक दूसरे आतंकवादी को ख्रिव में गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से एक पिस्तौल और एक ग्रेनेड बरामद किया गया है। एक ट्रक चालक को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस और सेना की एक संयुक्त टीम ने इलाके को घेर लिया और आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष जानकारी के आधार पर तलाशी अभियान शुरू करने के बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।

### समस्तीपुर में पूर्व ग्राम प्रधान की गोली मारकर हत्या

**पटना (आरएनएस)।** बिहार में पंचायत चुनाव नजदीक आने के साथ ही राजनीतिक हिंसा के मामले सामने आने लगे हैं। समस्तीपुर जिले में एक पूर्व ग्राम प्रधान की गोली मारकर हत्या कर दी गई। शशिनाथ झा एक विवाद को सुलझाने के लिए बुलाई गई पंचायत के लिए मुसरीघरारी थाना अंतर्गत भाखरी बुजुर्ग गांव गए थे, लेकिन जब बात चल ही रही थी कि चार-पांच हथियारबंद लोगों ने उन पर गोलियां चला दीं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हमलावरों ने 15 से ज्यादा राउंड फायरिंग की और झा को 5 गोलियां लगीं। लोगों ने मौके से भागने की कोशिश की तो आरोपी अपने हमले से उत्पन्न अराजकता के बीच मौके से फरार हो गए। इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण वहां जमा हो गए और हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मुसरीघरारी प्रखंड के मुख्य बाजार को बंद कर दिया। जांच अधिकारी रवि पी. शर्मा ने कहा, हमने 5 लोगों के खिलाफ हत्या और आपराधिक साजिश की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। हमने पंचायत में मौजूद ग्रामीणों के बयानों के आधार पर उनकी पहचान की है। आगे की जांच जारी है।

### डिवाइडर से टकराई कार , लगी आग

**फिरोजाबाद(आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर आज डिवाइडर से टकराने के बाद एक कार पलट गई और उसमें आग लग गई, किसी तरह उसपर सवार तीन लोगों ने अपनी जान बचाई। पुलिस सूत्रों के अनुसार कार नोएडा निवासी तीन व्यक्ति कार से किसी काम के लिए भदोही जा रहे थे। फिरोजाबाद में लखनऊ-एक्सप्रेस पर चालक को झपकी आने से कार अनियंत्रित होकर डिवाइर से टकराकर पलट गई, जिसमें भीषण आग लग गई। कार सवार सभी लोगों ने किसी तरह बाहर निकलकर उन्होंने जान बचाई। उन्होंने बताया कि हादसे में कार रखा लैपटॉप और कुछ अन्य सामान जलकर राख हो गया।

## राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर पीएम ने स्थानीय हथकरघा उत्पादों को समर्थन देने का किया आह्वान

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि हथकरघा में भारत की विविधता तथा असंख्य बुनकरों और दस्तकारों की दक्षता नजर आती है। उन्होंने आह्वान किया कि स्थानीय हथकरघा उत्पादों को समर्थन दिया जाये।

**एक ट्वीट में प्रधानमंत्री ने कहा है:-**

हथकरघा में भारत की विविधता तथा असंख्य बुनकरों और दस्तकारों की दक्षता नजर आती है। राष्ट्रीय हथकरघा दिवस #MyHandloomMyPride की भावना को बल देकर हमारे बुनकरों को समर्थन देने की प्रतिबद्धता दोहराने का दिन है। आइये, हम सभी स्थानीय हथकरघा उत्पादों का समर्थन करें!

ओलम्पिक पदक विजेता साइखोम मीराबाई चानू के एक ट्वीट का उद्धरण देते हुये प्रधानमंत्री ने अपने ट्वीट में कहाःपिछले कुछ वर्षों के दौरान हैंडलूम में नई दिलचस्पी देखी जा रही है।मीराबाई चानूको #MyHandloomMyPride का समर्थन करता देख खुशी हो रही है। मुझे पूरा विश्वास है कि हथकरघा क्षेत्र आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देता रहेगा।

## त्रिपुरा के मुख्यमंत्री की हत्या के प्रयास के आरोप में 3 युवक गिरफ्तार



**अगरतला (आरएनएस)।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब की हत्या के प्रयास के आरोप में पुलिस ने संपन्न परिवारों के तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पश्चिम त्रिपुरा के जिला पुलिस प्रमुख माणिक लाल दास ने आरएनएस को बताया, की रात मुख्यमंत्री उस समय बाल-बाल बचे थे, जब देब रात की सैर पर थे और यहां श्यामा प्रसाद मुखर्जी लेन स्थित अपने आधिकारिक आवास के लिए लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार से जा रही एक निजी कार ने उन्हें और उनके सुरक्षा दल को टक्कर मार दी। मुख्यमंत्री एक तरफ कूदने में कामयाब रहे और कार उनके पीछे से गुजर गई। हालांकि, उनके एक सुरक्षाकर्मी को मामूली चोटें आई हैं।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना कोविड रात्रि कर्फ्यू के दौरान हुई और तीनों युवकों ने न केवल कर्फ्यू नियमों का उल्लंघन किया बल्कि अवैध रूप से छह पुलिस बैरिकेड्स को भी पार किया। उन्होंने एक पुलिसकर्मी पर हमला कर दिया, जब उसने शराब के नशे में धुत्त इन तीन युवकों को रोकने की कोशिश की थी।

उन्होंने कहा कि युवकों ने भागने की कोशिश की तो पुलिस ने तुरंत बोलेरो कार का पीछा किया, लेकिन अंततः देर रात उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

तीन युवक - शुभम साहा (27), एक इंजीनियर और एक निजी कंपनी में बिजनेस डेवलपर के रूप में काम करते हैं, अमन साहा (25), एक बीबीए डिग्री धारक और गैरिक घोष (24), एक बेरोजगार कला संकाय में स्नातक हैं। यह तीनों युवक काफी संपन्न परिवार से संबंध रखते हैं।

पश्चिम अगरतला पुलिस स्टेशन में युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उनके खिलाफ तेज ड्राइविंग, सरकारी कर्मचारियों को ड्यूटी पर बाधा डालने, सरकारी कर्मचारियों को जानबूझकर घायल करने और त्रिपुरा के सीएम की हत्या के प्रयास सहित विभिन्न आरोपों में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने अब कार और उनके मोबाइल फोन जब्त कर लिए हैं और उनके घरों और अन्य स्थानों पर छापेमारी की जा रही है।

## मुंबई के 3 रेलवे स्टेशनों और अमिताभ बच्चन के बंगले को बम से उड़ाने की धमकी, सुरक्षा बढ़ाई गई



**मुंबई(आरएनएस)।** मुंबई पुलिस को मिले एक गुमनाम फोन कॉल ने पूरे राज्य में हलचल मचा दी है। दरअसल फोन कॉल के जरिए मुंबई पुलिस को धमकी दी गई कि मुंबई में चार स्थानों सीएसएमटी, भायखला स्टेशन, दादर स्टेशन और अभिनेता अमिताभ बच्चन के आवास पर बम रखे गए हैं। बम की सूचना मिलते ही अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए। आनन-फानन में बम निरोधक दस्ते और जीआरपी की टीम ने बताए गए जगहों की तलाशी ली। लेकिन जांच में यह कॉल फर्जी निकला। वहीं इस मामले में मुम्बई क्राइम ब्रांच की यूनिट ने राजू कांगने और रमेश शिरसाठ को गिरफ्तार किया है। फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों से आगे की पूछताछ जा रही है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि मुंबई पुलिस के मुख्य नियंत्रण कक्ष को बीती रात फोन आया, जिसमें फोन करने वाले ने कहा कि बम छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल (सीएसएमटी), भायखला, दादर रेलवे स्टेशनों और अभिनेता अमिताभ बच्चन के जुहू स्थित बंगले पर रखे गए हैं।

उन्होंने बताया, कॉल मिलने के बाद, रेलवे पुलिस, रेलवे सुरक्षा बल, बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वॉड, डॉग स्क्वायड और स्थानीय पुलिस कर्मियों के साथ इन स्थानों पर पहुंचे और तलाशी अभियान चलाया। लेकिन इन जगहों पर अब तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है, फिलहाल वहां भारी पुलिस तैनाती की गई है।

वहीं सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत उस नंबर पर संपर्क किया, जिससे कॉल किया गया था। लेकिन दूसरी बार फोन करने वाले व्यक्ति ने कहा कि अब मुझे परेशान मत करो और फोन काट दिया। उसके बाद से उस व्यक्ति से संपर्क नहीं हो पाया। संदिग्ध ने फोन स्विच ऑफ कर दिया था। अज्ञात फोन की सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्काल चारो जगहों पर तलाशी अभियान शुरू किया। संबंधित स्थानों पर बम निरोधक दस्ते को तैनात किया गया है। पिछले कुछ घंटों से तलाशी अभियान जारी है और अभी तक कोई संदिग्ध सामान नहीं मिला है। मुंबई पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी तलाशी अभियान की निगरानी कर रहे हैं।

## पंजाब में युवा अकाली दल के नेता की गोली मारकर हत्या



**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** पंजाब के मोहाली में आज यूथ अकाली दल के नेता विक्की मिद्दुखेरा की दिन दहाड़े हत्या कर दी गई। पुलिस ने अपराध के परिणामस्वरूप गैंगवार की प्रबल संभावना से इनकार नहीं किया है।

सेक्टर 71 में चार हथियारबंद लोगों ने नेता को करीब 10 गोलियां मारी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है।

वीडियो में पीड़ित मौके से भागते नजर आ रहे हैं, तभी दो लोगों ने उन पर फायरिंग कर दी। हमलावर पीड़ित के वाहन के पास खड़ी कार में इंतजार कर रहे थे।

जैसे ही पीड़ित एक पॉश बाजार में एक प्रॉपर्टी कंस्लटेंट (संपत्ति सलाहकार) के कार्यालय से बाहर आए और अपनी एसयूवी में बैठने वाले थे, तभी हमलावरों ने उन पर गोली चला दी। पीड़ित गाड़ी से उतरे और खुद को गोलियों से बचाने के लिए दौड़ने लगे। हमलावरों ने एक निश्चित दूरी तक उनका पीछा किया। हमले के बाद पीड़ित को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।

## एमपी में लगभग पांच करोड़ लाभार्थियों को पीएमजीकेएवाई योजना का लाभ मिल रहा है : पीएम



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के लाभार्थियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत की। राज्य सरकार द्वारा योजना के बारे में अधिक जागरूकता पैदा करने के लिए एक गहन अभियान चलाया जा रहा है ताकि कोई पात्र व्यक्ति सहायता से वंचित न रहे। राज्य 7 अगस्त, 2021 को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना दिवस के रूप में मना रहा है। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के राज्यपाल और मुख्यमंत्री उपस्थित थे। मध्य प्रदेश में लगभग पांच करोड़ लाभार्थियों को योजना का लाभ मिल रहा है।

कोविड-19 महामारी को सदी की सबसे बड़ी आपदा बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरा देश इस चुनौती से लड़ने के लिए पूरी एकजुटता के साथ खड़ा है। उन्होंने दोहराया कि संकट से निपटने की रणनीति में भारत ने गरीबों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। पहले दिन से ही गरीबों और मजदूरों के भोजन एवं रोजगार पर ध्यान दिया गया है। न केवल 80 करोड़ से अधिक नागरिकों को मुफ्त राशन मिल रहा है बल्कि आठ करोड़ से अधिक गरीब परिवारों को मुफ्त गैस सिलेंडर भी मिला है।

राज्य में डबल इंजन सरकार के लाभों के बारे में बात करते हुए, प्रधानमंत्री ने रिकॉर्ड एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) खरीद के लिए राज्य सरकार की सराहना की। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश सरकार ने इस साल 17 लाख से अधिक किसानों से गेहूं खरीदा और 25 हजार करोड़ रुपये सीधे उनके खाते में जमा किए गए। राज्य में इस वर्ष सर्वाधिक गेहूँ क्रय केन्द्र स्थापित किये गये हैं। डबल-इंजन सरकारों में, राज्य सरकारें केंद्र सरकार की योजनाओं में मदद देती है और सुधार करती हैं तथा उनकी ताकत को बढ़ाती हैं।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2020 में, आठ महीने की अवधि के लिए, यानी अप्रैल 2020 से नवंबर 2020 तक, पीएम-जीकेएवाई के तहत, मध्य प्रदेश को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) लाभार्थियों को पांच किलो प्रति व्यक्ति प्रति माह की दर से मुफ्त वितरण के लिए केंद्र सरकार द्वारा 21.9 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न आवंटित किया गया था। इसी तरह, मध्य प्रदेश राज्य के लिए 2021 में सात महीने की अवधि के लिए यानी मई 2021 से नवंबर 2021 तक, पीएम-जीकेएवाई के तहत, 16.89 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न के आवंटन का प्रावधान किया गया है। पीएम-जीकेएवाई 2020 (अप्रैल से नवंबर 2020) के तहत मध्य प्रदेश में औसतन 85.4 प्रतिशतखाद्यान्न वितरित किया गया था और पीएम-जीकेएवाई 2021 (यानी मई से नवंबर 2021 तक) के तहत, अब तक मध्य प्रदेश राज्य में मई 2021 से जुलाई 2021 तक औसतन लगभग 89 प्रतिशतखाद्यान्न वितरित किया गया है।

मध्य प्रदेश ने एक स्वचालित आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन और राज्य में लगभग 100प्रतिशत एनएफएसए राशन कार्डों के आधार सीडिंग के साथ एक तकनीकी रूप से मजबूत सार्वजनिक वितरण प्रणाली की स्थापना की है। राज्य में खाद्यान्न का वितरण अधिकतम पारदर्शिता के साथ किया जाता है, इसमें औसतन 90.6 प्रतिशत से अधिक आधार प्रमाणित पीडीएस लेनदेन शामिल हैं जो हाल के महीनों में तेजी से बढ़ रहा है।